प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने चुनाव के समय आधे अधूरे भवनों व कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री कल आई.जी.एम.सी. शिमला में 33 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित प्रदेश के पहले ट्रॉमा सेंटर के लोकार्पण अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि एम्स दिल्ली के समान आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रॉमा सैंटर की स्थापना से प्रदेश में आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं सुदृढ़ होंगी।

रतन टाटा

प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा का कल रात मुंबई में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। रतन टाटा का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था और उनकी हालत चिंताजनक थी। रत्न टाटा पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं। उनके निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि रतन टाटा के जाने से भारत ने कॉरपोरेट विकास को राष्ट्र निर्माण और उत्कृष्टता को नैतिकता के साथ जोडने वाली, एक महान हस्ती को खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक संदेश में कहा है कि रतन टाटा के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टाटा ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और मवेशी कल्याण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाई।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आज माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना की जा रही है। मां के इस स्वरूप की शक्ति अमोघ व फलदायिनी है और इनकी उपासना से भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही नतमस्तक हो रहे हैं। नवरात्र के शुभ अवसर पर सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। अष्टमी के मौके पर मंदिरों सहित घरों में कंजक पूजन भी किया जा रहा है।

संजौली मस्जिद

राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद की तीन अवैध मंजिलें गिराने के नगर निगम आयुक्त कोर्ट के आदेश को ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन ऊपरी अदालत में चुनौती देगा। ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन की बुधवार को शिमला में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। आर्गेनाइजेशन के प्रदेश प्रवक्ता नजाकत अली हाशमी ने कहा है कि संजौली में मस्जिद वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनी है और 125 साल के राजस्व रिकार्ड में भी यह मौजूद है। उन्होंने दावा किया कि यह मस्जिद अवैध नहीं है और नगर निगम कोर्ट के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जाएगी।

मानसिक स्वास्थ्य दिवस

दुनिया भर में आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढावा देने के प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है–कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य। इस वर्ष के विषय में कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने, इससे जुड़े खतरों के निपटान और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने, जैसे उपायों की दिशा में एकीकृत कार्य के महत्व को रेखांकित किया गया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मौसम साफ बना हुआ है। धूप खिलने से राज्य का औसतन अधिकतम तापमान सामान्य बना हुआ है। हालांकि सुबह–शाम ठंड पड़ रही है। जनजातीय क्षेत्रों में रातें सर्द होती जा रही हैं और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी 15 अक्तूबर तक प्रदेश में बारिश–बर्फबारी की संभावना से इंकार किया है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–डबल होगा रेडियोग्राफर, लैब सहायक और ओटीए का वेतन। वहीं आपका फैसला के शब्द हैं–रेडियोग्राफर–लैब टेक्नीशियन का वेतन होगा दोगुना। दैनिक जागरण का कहना है–आईजीएमसी में भर्ती होंगी 400 नर्सें। दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है–दिल्ली के एम्स के समान सुविधाओं से लैस होगा आईजीएमसी ट्रामा सेंटर। हिमाचल दस्तक के मुताबिक–सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले–बीजेपी यानी बड़ी झूठ पार्टी।

संजौली मस्जिद विवाद पर अमर उजाला की सुर्खी है–मस्जिद की मंजिलें गिराने के फैसले को देंगे चुनौती–ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेश का फैसला। पंजाब केसरी के शब्द हैं–संजौली मस्जिद की तीन मंजिल गिराने के फैसले को न्यायालय में चुनौती देगा मुस्लिम संगठन।

राष्ट्रीय डाक दिवस पर दैनिक भास्कर की खास खबर है–मैं लाहौल–स्पीति का डाकघर हूं, एशिया में सबसे ऊंचाई पर मौजूद हूं, सैलानी यहां से खुद को चिट्ठी भेजते हैं, कई बार उनके पहुंचने से पहले पोस्ट पहुंचा देता हूं।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है–विधानसभा को खाली करने होंगे मेट्रोपोल के 59 घर।